Deendayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur ,UP.India
Media and Public Relations Office

दिनांकः 30 / 06 / 2022.

## प्रकाशनार्थ

### डीडीयूजीयूः यूजी–पीजी, पीएचडी और सेल्फ फाइनेंसिंग कोर्स में प्रवेश को आवेदन अब 20 जुलाई तक

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में सत्र 2022–23 में यूजी–पीजी, पीएचडी और सेल्फ फाइनेंसिंग कोर्स में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की आखिरी समय सीमा को विस्तारित कर दिया है। इच्छुक अभ्यर्थी अब 20 जुलाई तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट http://ddugu-ac-in पर आवेदन कर सकते हैं। पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार आवेदन की आखिरी तिथि 30 जून निर्धारित थी।

बता दें कि कि विश्वविद्यालय अपने सभी स्नातक परास्नातक एवं पीएचडी के रेगुलर प्रोग्राम और कोर्सेज का संचालन नई शिक्षा नीति के अंतर्गत सीबीसीएस प्रणाली के द्वारा कर रहा है। इसके साथ ही सेल्फ फाइनेंसिंग प्रणाली के अंतर्गत सर्टिफिकेट, डिप्लोमा तथा डिग्री कोर्सेज का संचालन भी सीबीसीएस मोड में किया जा रहा है।

ये कोर्स होंगे आकर्षण का केंद्र

विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से सेल्फ फाइनेंस मोड में बीएससी एजी, एमएससी एजी के साथ साथ बीटेक, बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी, बीकॉम (बैकिंग एंड इंश्योरेंस), बॉयोइंफार्मेटिक्स, ज्योतिष, वास्तु, कर्मकांड एवं योग समेत 63 सेल्फ फाइनेंस कोर्स की पढ़ाई भी सत्र 2021–22 से प्रारंभ की गई है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय पहली बार बीए (जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन) तथा एमए (जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन) के पाठ्यक्रम में भी प्रवेश लेने जा रहा है।

प्रवेश परीक्षा के आयोजन के लिए समन्यक नियुक्त

प्रवेश परीक्षा के सकुशल आयोजन के लिए स्नातक प्रवेश परीक्षा का समन्यक प्रो विनय कुमार सिंह, परास्नातक प्रवेश परीक्षा का समन्वयक प्रो उदय सिंह और पीएचडी प्रवेश परीक्षा का समन्वयक प्रो अजय सिंह को बनाया गया है।

**Media and Public Relations Officer**
**Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur**